| |
|---|
| दिनांक 03.01.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 07/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## जनपद हरदोई/थाना कोतवाली देहात

- **25—25 हजार रूपये के 03 पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनॉकः 02.01.2026 को थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से 03 पुरस्कार घोषित अभियुक्तों 1—सोनू 2—सागर 3—गौतम को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना कोतवाली देहात पर पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट के अभियोग में वॉछित चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25—25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त सोनू के विरूद्ध जनपद हरदोई के विभिन्न थानों पर चोरी, आबकारी एक्ट आदि के 07 अभियोग व अभियुक्त गौतम के विरूद्ध जनपद हरदोई के विभिन्न थानों पर चोरी, आबकारी एक्ट आदि के लगभग आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—सोनू निवासी ओमनगर थाना कोतवाली देहात जनपद हरदोई।

2—सागर निवासी ओमनगर थाना कोतवाली देहात जनपद हरदोई।

3—गौतम निवासी ओमनगर थाना कोतवाली देहात जनपद हरदोई।

## जनपद मीरजापुर/थाना जिगना

- **20 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनॉकः 03.01.2026 को थाना जिगना पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम खैरा हरगढ़ मिश्रपुर रोड़ के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त अनुराग को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना जिगना पर पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट के अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 20 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना जिगना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अनुराग निवासी खैरा थाना जिगना जनपद मीरजापुर।

## जनपद मैनपुरी/थाना घिरोर

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट की घटना का अनावरण**
- **लूट के 07 हजार 230 रूपये नगद**
- **लूटा गया मोबाइल फोन**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनॉकः 03.01.2026 को थाना घिरोर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर रेलवे क्रासिंग कोसमा रेलवे स्टेशन को जाने वाले रास्ते से 02 अभियुक्तों 1–अंकित 2–वसीम उर्फ बाबू को गिरफ्तार कर लूट की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के 07 हजार 230 रूपये नगद, लूटा गया मोबाइल फोन, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुआ।

उल्लेखनीय है कि थाना घिरोर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना घिरोर पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण का प्रयास किया जा रहा था। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपये, मोबाइल फोन उक्त घटना से सम्बन्धित हैं।

इस सम्बन्ध में थाना घिरोर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अंकित निवासी काशीराम कालोनी कस्बा व थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

2–वसीम उर्फ बाबू निवासी जेवरा रोड कस्बा व थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद।

**बरामदगी**

1–लूट के 07 हजार 230 रूपये नगद।

2–लूटा गया मोबाइल फोन।

3–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

**कमिश्नरेट कानपुर/थाना बर्रा**

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की पीली–सफेद धातु के आभूषण**
- **चोरी के 37 हजार 760 रूपये नगद**
- **घटना में प्रयुक्त आटो वाहन बरामद**

दिनॉकः 03.01.2026 को थाना बर्रा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर फतेहपुर मोड़ चौराहा से 02 अभियुक्तों 1–राज उर्फ शुभम उर्फ टाटा 2–विष्णु उर्फ घण्टी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की पीली–सफेद धातु के आभूषण, चोरी के 37 हजार 760 रूपये नगद, घटना में प्रयुक्त आटो वाहन बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना बर्रा क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना बर्रा पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण, रूपये उक्त चोरी की घटना से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त राज उर्फ शुभम उर्फ टाटा के विरूद्ध कमिश्नरेट कानपुर के विभिन्न थानों पर चोरी आदि के कई अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना बर्रा पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–राज उर्फ शुभम उर्फ टाटा निवासी जरौली फेस–01 थाना बर्रा, कानपुर।

2–विष्णु उर्फ घण्टी निवासी विश्व बैक बर्रा थाना बर्रा, कानपुर।

**बरामदगी**

1–चोरी की पीली–सफेद धातु के आभूषण।

2–चोरी के 37 हजार 760 रूपये नगद।

3–घटना में प्रयुक्त आटो वाहन।

**जनपद मीरजापुर/थाना पड़री**

- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **20 किग्रा0 अवैध गांजा**
- **02 मोबाइल फोन**
- **नगद रूपये**
- **घटना में प्रयुक्त 02 स्विफ्ट कार आदि बरामद**

दिनॉकः 02.01.2026 को थाना पड़री व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कोटवा ओबर ब्रिज के पश्चिमी छोर के हाइवे से 04 अभियुक्तों 1–रामकुमार 2–रामप्रकाश 3–राकेश 4–हरेराम को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 20 किग्रा0 अवैध गांजा, 02 मोबाइल फोन, नगद रूपये, घटना में प्रयुक्त 02 स्विफ्ट कार आदि बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना पड़री पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–रामकुमार निवासी तरखा खड़ थाना बलरामपुर जनपद बलरामपुर।

2–रामप्रकाश निवासी मठपुरवा थाना चन्दौली जनपद चन्दौली।

3–राकेश निवासी छट्टू धनमा थाना जमुई जनपद जमुई, बिहार।

4–हरेराम निवासी कमता थाना परासी जनपद अरवल, बिहार।

**बरामदगी**

1–20 किग्रा अवैध गांजा।

2–02 मोबाइल फोन।

3–नगद रूपये।

4–घटना में प्रयुक्त 02 स्विफ्ट कार आदि।

———————